FIROZAB AD POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

थाना शिकोहाबाद एंव सर्विलांस टीम द्वारा दिनांक 22.11.2022 को हुयी हत्या की घटना का अनावरण करते हुए मुख्य अभियुक्त यशपाल को किया गया गिरफ्तार।

दिनांक 22.11.2022 को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति की हत्या करके शव उसके कमरे मे पडा हुआ है, उक्त सूचना पर जाकर मृतक का पंचायतनामा व पोस्टमार्टम कराते हुए भौतिक साक्ष्य एकत्रित किये गये तो पाया गया कि उस व्यक्ति की निर्मम तरीके से गला काटकर हत्या की गयी थी। उक्त प्रकरण मे तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 918/22 धारा 302 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद फिरोजाबाद के द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के पर्यवेक्षण मे थाना शिकोहाबाद व सर्विलांस की टीम को घटना के सफल अनावरण हेतु निर्देशित किया गया था। उपरोक्त के क्रम मे आज दिनांक 02.12.2022 को तमामी इलैक्ट्रोनिक एंव भौतिक साक्ष्यो को एकत्रित करते हुए टीमो द्वारा बारीकी से इलैक्ट्रोनिक व भौतिक साक्ष्यो का एनालाइसिस किया गया तो पाया गया कि मृतक की हत्या प्रेम प्रंसग के चलते की गयी थी। मृतक का प्रेम प्रंसग एक महिला से चल रहा था जिससे महिला का पति परेशान था और महिला के पति द्वारा अपने साले के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया गया और घटनास्थल से चला गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा जुर्म का इकबाल करते हुए बताया गया कि मृतक सुनील कुमार मेरी पत्नी पर गलत नजर रखता था मैने उसे कई बार समझाया लेकिन जब वह नही माना तो मैने घटना को अंजाम दिया। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।

- **पूछताछ का संक्षिप्त विवरण –** गिरफ्तार अभि0 यशपाल यादव पुत्र राजवीर सिंह निवासी आजमपुर स्लोटा थाना एका जिला फिरोजाबाद ने पूछताछ मे बताया की मृतक सुनील कुमार मेरी पत्नी पर गलत नजर रखता था व गलत सम्बध बनाने के लिए दबाब बनाता था मैने उसे कई बार समझाया लेकिन जब वह नही माना और उसने मेरी साली से भी दबाब बनाकर गलत सम्बध बना लिये थे तथा जब हम लोग मना करते थे तो जान से मारने की धमकी देता था इसलिए मै जयपुर से आया और अपन साले हजारी के साथ मिलकर उसकी गला रेतकर हत्या कर दी थी तथा जिन चाकूओ से हत्या की थी वह मैने खून लगा होने के कारण वही छोडकर भाग गये थे तथा मृतक के मोबाइल फोन भी साथ ले गये थे।

➢ **नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. अभि0 यशपाल यादव पुत्र राजवीर सिंह निवासी आजमपुर स्लोटा थाना एका जिला फिरोजाबाद।

वांछित अभियुक्त-

1. हजारी पुत्र करु उर्फ सतेन्द्र निवासी ग्राम प्रहलादपुर थाना बरनाहल जिला मैनपुरी।
2. दया पुत्री करु उर्फ सतेन्द्र निवासी ग्राम प्रहलादपुर थाना बरनाहल जिला मैनपुरी।

➢ <u>बरामदगी का विवरण –</u>

आला कत्ल-

1. एक चाकू लकडी का बेट लगा – 01 अदद
2. स्टील का चाकू का बट – 01 अदद
3. आधा चाकू (फल) – 01 अदद
4. मृतक का मोबाइल फोन-01 अदद

<u>आपराधिक इतिहास-</u>

1. मु0अ0सं0 0918/22 धारा 302 भादवि थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद

<u>गिरफ्तार/बरामद करने वाले अधिकारी/कर्म0गणो के नामः-</u>

1. प्रभारी निरीक्षक श्री हरवेन्द्र कुमार मिश्रा थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 श्री महेन्द्र सिंह थाना शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 श्री विक्रान्त तोमर थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।
4. है.का. 729 संतोष कुमार थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद ।
5. का0 1249 शिवशंकर थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।
6. का0 262 रवीश थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद ।